तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 7 मई 2026


4 संगठन को मजबूती देने चिलचिलाती धूप में टीएस कर रहे कार्यकर्ताओं से संवाद





## खबर संक्षेप



### कोटपा एक्ट के तहत 20 फर्मों पर चालानी कार्रवाई

**रायगढ़।** सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम अभियान के तहत आज जूटमिल रायगढ़ और किरोड़ीमल नगर क्षेत्र में विशेष रूप से जांच की गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू नियंत्रण कानून कोटपा अधिनियम के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए 20 फर्मों पर कुल 3490 रुपए का जुर्माना लगाया गया। साथ ही आम नागरिकों और व्यापारियों को तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव एवं कानून के प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया।
उल्लेखनीय है कि लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा प्रदेशभर में 15 दिवसीय सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान आगामी 11 मई तक संचालित किया जाएगा।

### कार और बाइक की टक्कर, 3 युवक गंभीर

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम सोनबरसा के पास बुधवार को एक तेज रफ्तार कार व बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार 3 युवक बुरी तरह से घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 04 क्यूडी 3365 के चालक ने सामने से आ रही बाइक क्रमांक सीजी 13 बीसी 4259 को जबरदस्त टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक में सवार तीन युवक सडक के दूसरी ओर जा गिरे । बताया जा रहा है कि तीनों युवकों इस हादसे में बुरी तरह से घायल हो गए, जिन्हें आस-पास मौजूद लोगों की सहायता से अस्पताल ले जाया गया है। वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। समाचार लिखे जाने तक तीनों युवकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। वहीं दूसरी ओर पुलिस भी बाइक सवार घायलों के संबंध में जानकारी एकत्र करने में लगी हुई है।

### निकायों में सुशासन तिहार शिविर आज

**सारंगढ़।** जिले के नगरीय निकायों में 7 मई को सुशासन तिहार शिविर आयोजित होंगे, जिनमें नगर पंचायत बिलाईगढ़ के वार्ड 5, 6 और 7 के लिए वार्ड 6 स्थित देवांगन समाज भवन बंगलाभाठा में सरसीवा के वार्ड 1 से 15 के लिए कार्यालय भवन नगर पंचायत सरसीवा मेंए पवनी के वार्ड 1 से 8 तक के लिए नाटक चौरा में और बरमकेला के वार्ड 9, 10, 11, 12, 13, 14, और 15 के लिए वार्ड 15 के हुरूमखांचा रंगमंच में आयोजित किया जाएगा।

उद्योगों को सरंक्षण देने के आरोप-प्रत्यारोप में भिड़े सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षद

# शहर सरकार के विशेष सम्मेलन में टेंडर पर तकरार, परिषद की बैठक बनी अखाड़ा

### हंगामे के बीच सभी प्रस्ताव पर लगी मुहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगरनिगम में बुधवार को आयोजित विशेष सम्मेलन, सम्मेलन नहीं बल्कि अखाड़ा बन गया। एजेंडों पर चर्चा शुरू होने के साथ ही नगर निगम सभागार में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंकझोंक शुरु हो गई। काफी देर तक सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप और हंगामे का दौर चलता रहा। नेता प्रतिपक्ष सहित पूरे विपक्ष ने कड़ा विरोध दर्ज करते हुए परिषद पर निगम की गरिमा गिराने तक का आरोप लगा डाला। विरोध और नारेबाजी के बीच सम्मेलन के अंत में सभी एजेंडों पर मुहर लगा दी गई।
महापौर परिषद की बैठक की शुरूआत में ही पूर्व सभापति जयंत ठेठवार ने नियमों को दरकिनार करते हुए केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड से मरीन ड्राइव तक केनाल लिंक रोड निर्माण की टेंडर प्रक्रिया को लेकर सवाल खड़े कर दिए। पूर्व सभापति ने सीधे तौर पर टेंडर की प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी होने की बात कहते हुए सत्ता पक्ष पर स्वयं लाभ उठाने की बात तक कह डाली। उन्होंने कहा कि नियमों को दरकिनार कर बाराद्वार निवासी संजय कुमार केड़िया को टेंडर दे दिया गया है। पूर्व सभापति ने आरोप लगाया कि वर्तमान में शहर सरकार में जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर फैसले लिए जा रहे है और उनमें महापौर सिर्फ मौन सहमति दे रहे हैं। उन्होंन कहा कि महापौर सिर्फ सहमति देने के लिए नहीं होते। इसी प्रकार नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने भी इस निर्माण से प्रभावित होने वाले नागरिकों की सूची और विस्थापन की पूरी जानकारी देने की मांग की और स्पष्ट जानकारी नहीं देने पर प्रगति नगर में हुए विस्थापन को त्रासदी बताते हुए दोबारा ऐसा नहीं होने देने की सीधी चेतावनी शहर सरकार को दी। नेता प्रतिपक्ष के इस आरोप पर जवाब देते हुए महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि प्रगति नगर में 170 मकान तोड़े गए थे, लेकिन इसके बदले करीब 200 लोगों को पक्का मकान दिया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी विस्थापितों को पक्का मकान देकर बसाने की जिम्मेदारी शहर सरकार की है।



कांग्रेस पर महिला आरक्षण बिल में बाधा डालने का आरोप लगाते बीजेपी पार्षद।

### नियमों से परे काम कर रही शहर सरकार : महापौर

नेता प्रतिपक्ष सलीम नियारिया ने शहर सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे नियमों को दरकिनार कर केवल अपने फायदे के लिए ही काम कर रहे हैं। महापौर परिषद की बैठक में केवड़ाबाड़ी से किरोड़ीमल चौक तक मार्ग के डामरीकरण एवं बीटी रोड निर्माण को लेकर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच काफी तकरार देखने को मिली। इस मुद्दे पर विपक्ष ने सदन में अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए टेंडर की प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाए। महापौर जीवर्धन चौहान ने विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि इस कार्य के लिए सामने से ही जिंदल ने खुद काम मांगा है, इससे 9 करोड़ की बचत होगी और शहर में विकास कार्य भी सही समय पर पूरे होंगे। महापौर ने कहा कि विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध कर रही है। महापौर ने कहा कि इन निर्माणों से जितने भी परिवार प्रभावित होंगे, उन सभी प्रभावितों और विस्थापितों को मकान दिया जाएगा,वे बेघर नहीं होंगे।

### जिंदल के मुद्दे पर मचा घमासान

इस विशेष सम्मेलन में विपक्ष ने सीधे तौर पर जिला प्रशासन व शहर सरकार को उद्योग के इशारे पर काम करने वाला बताया। इस दौरान पूर्व सभापति जयंत ठेठवार ने कहा कि जिंदल शहर का विनाश कर रहा है और जिला प्रशासन सहित शहर सरकार इस विनाश की भागीदार बन रही है। इससे आम नागरिक प्रभावित हो रहा है। प्लांट प्रबंधन अपनी जरूरत के हिसाब से सिर्फ दोहन ही करता आ रहा है। इस दौरान पूर्व सभापति ने कहा कि नामकरण के लिए सीधे प्रस्ताव भेजना गलत है, पहले निगम को डिमांड रखना चाहिए। सदन में शहर की सड़कों व पुल पर जिंदल के नामकरण को लेकर भी सम्मेलन में काफी गहमागहमी देखने को मिली।

### काली पट्टी बांध किया विरोध

निगम के विशेष सम्मेलन के अंत में महिला सशक्तिकरण के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा पार्षदों ने काली पट्टी बांधकर कांग्रेस पर महिला आरक्षण बिल में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाया, वहीं विपक्ष ने भी इस मुद्दे पर आपत्ति जाहिर करते हुए इसका विरोध किया। सत्ता पक्ष की महिला पार्षदों और विपक्ष के बीच काफी देर तक महिला आरक्षण बिल को लेकर बहस हुई। सम्मेलन में महिला आरक्षण के मुद्दे पर जमकर बहस हुई और अंत निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। किंतु भारी हंगामे और तीखी बहस, आरोपों तथा विरोध के बावजूद शहर सरकार ने सभी प्रस्तावों को करा लिया।

### मार्केट की शिफ्टिंग पर बनी संयुक्त कमेटी

सम्मेलन की बैठक में केवडाबाडी बस स्टैण्ड के समीप करीब 4 दशक पुराने मटन-मछली बाजार को हटाने के प्रस्ताव पर भी काफी बहस हुई, लेकिन अंत में दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई। इसके साथ ही कोतरा रोड ओवरब्रिज, भगवानपुर, बड़े रामपुर सहित चार स्थानों के विकल्पों पर विचार के लिए दोनों दलों की संयुक्त समिति गठित की गई। जिसमें महिला पार्षदों को भी शामिल किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद ने मटन मार्केट को आबादी से दूर रखने की मांग की। विपक्ष ने इस दौरान इस मुद्दे पर सहमत होते हुए कहा कि मटन मार्केट को ऐसी जगह में शिफ्ट करना चाहिए जो शहरी आबादी से दूर हो। इस दौरान पार्षदों ने जगह-जगह मांसाहार की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की भी मांग की। जिस पर नगर निगम आयुक्त ने उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया।

### पट्टा नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरलीकरण करने की मांग

इस विशेष सम्मेलन में पूर्व सभापति जयंत ठेठवार ने पट्टा नवीनीकरण की जटिल प्रक्रिया पर ही सवाल उठाए और इसे सरल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को भी इस प्रक्रिया से गुजरने पर करीब 3 से 4 महीने लग जाते हैं, लेकिन पट्टा नवीनीकरण नहीं हो पाता है। आम जनता को इस जटिल प्रक्रिया से काफी परेशानी होती है। वहीं इस मुद्दे पर वार्ड क्रमांक 48 के पार्षद महेश शुक्ला ने कहा कि वे ग्राम पंचायतें जिन्हें नगरीय निकाय क्षेत्रों में शामिल किया गया, लेकिन पंचायतों के तहत आने वाले घरों का पट्टा अब तक नवीनीकरण नहीं हो सका है। जिस पर नगर निगम आयुक्त ने बताया कि इसके संबंध में राज्य सरकार को अवगत कराया गया है। नजरी नक्शा का एलॉटमेंट नहीं होने की वजह से परेशानी हो रही है।

### पत्नी से छेड़छाड़, विरोध करने पर पति से मारपीट दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र की एक महिला से दो युवकों द्वारा छेड़छाड़ करने और इसका विरोध करने पर उसके पति के साथ मारपीट करने मामले में पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता ने बीते दिनों थाने पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 03 मई को वह अपने मायके जिला सक्ती से अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से वापस रायगढ़ लौट रही थी। रास्ते में ग्राम बैसपाली के पास मोटरसाइकिल खराब हो जाने पर दोनों पैदल वाहन को ढकेलते हुए आ रहे थे। तभी ग्राम कुसमुरा में तालाब के पास महिला शौच के लिए गई थीए तभी कार क्रमांक सीजी 13 एएम 1892 से पहुंचे दो व्यक्तियों ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला के पति द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पति से गाली.गलौज कर मारपीट की तथा पुलिस बुलाने की बात कहने पर धमकी दी। महिला ने साहस दिखाते हुए दोनों आरोपियों की मोबाइल से फोटो खींच ली और अगले दिन थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 75,2 296, 351,3, 115,2, 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। आरोपियों की पहचान चैतन्य राणा और उत्तरा कुमार श्रीवास के रूप में हुई। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों के घर दबिश देकर उन्हें हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी चैतन्य राणा ने अपने साथी के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कारए चाबी एवं मूल आरसी कार्ड जब्त किया गया।

# जनगणना 2027: पति-पत्नी के अलग रहने पर वैवाहिक कॉलम रहेगा निरंक

### दो पत्नियां होने पर माना जाएगा 2 कपल, नए नियमों ने चौंकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनगणना 2027 के सेल्फ ऐन्यूमरेशन पोर्टल में नए नियमों में कई रोचक और दिलचस्प प्रश्नों को शामिल किया गया है। जिसके तहत यदि पति और पत्नी अलग-अलग जिलों में निवासरत हैं तो जनगणना के वैवाहिक कॉलम को निरंक रखा जाएगा। वहीं दूसरी ओर अगर किसी घर में एक पुरूष की दो पत्नियां होती है तो वे तकनीकी रूप से 2 शादीशुदा जोंडे यानी कपल माना जाएगा। प्रगणक घर-घर पहुंच कर मुखिया व परिवार से 33 प्रश्न पूछेंगे जिसमें वैवाहिक स्थिति को लेकर भी इससे जुड़े प्रश्न पूछे जाएंगे।

जनगणना 2027 के नियमों में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इसमें डिजिटल डेटा कलेक्शन, जाति गणना और लिव इन रिलेशनशिप को लेकर नए नियम लागू किए गए हैं। पहली बार सेल्फ एन्यूमरेशन की सुविधा दी गई है। जिसके तहत लोग खुद जानकारियां ऑनलाइन दर्ज कर चुके हैं। वर्तमान में प्रगणकों का दल अब घर-घर पहुंचकर मोबाइल एप के जरिए प्रत्येक परिवार का विस्तृत ब्यौरा जुटा रहा है। इस गणना में न केवल आबादी, बल्कि लोगों की जीवनशैली और वैवाहिक स्थितियों के सटीक आंकड़े जुटाने के लिए बेहद सख्त और दिलचस्प नियम लागू किए गए हैं।

इन नियमों के तहत यदि किसी घर में एक व्यक्ति की दो पत्नियां होंगी तो उन्हें तकनीकी रूप से 2 कपल माना जाएगा और इसी तरह आंकड़ों में भी उनकी गिनती होगी। इसके अलावा यदि पति रायगढ़ और पत्नी रायपुर में रहती है, यानी पति और पत्नी अलग-अलग जिलों में रहते हैं तो संबंधित घर में उस कॉलम को निरंक माना जाएगा। अगर दोनों जगह पति या पत्नी का नाम लिख देंगे, तो दोनों जगह गिनती हो जाएगी।

इसी तरह जो जहां रहता है, वहां गिनती होगी। अगर किराए के मकान में है, तो वहां गिनती होगी। यह समस्या शहरी क्षेत्र में अधिक आती है। इसके साथ ही एक मकान में अगर चार चूल्हे जल रहे हैं, तो चारों की अलग-अलग गणना की जाएगी। इससे परिवारों की संख्या बढ़ेगी। सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल पर स्पष्ट किया गया है कि अगर कोई कपल खुद को एक स्थिर संबंध में मानता है, तो उसे मैरिड यानी विवाहित के रूप में गिना जाएगा। हालांकि इसके लिए किसी तरह का कानूनी दस्तावेज या प्रमाण देना जरूरी नहीं होगा। जो भी जानकारी दी जाएगी, उसे संबंधित व्यक्ति के ज्ञान और विश्वास के आधार पर दर्ज किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी और लोग खुद ही अपने परिवार का डेटा पोर्टल पर भर सकेंगे।



वर्तमान में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना चल रही है। जिसके बाद फरवरी 2027 में प्रगणक घर-घर दस्तक देंगे और केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित 33 सवाल प्रत्येक परिवार के मुखिया व सदस्यों से पूछेंगे। इसमें कई तरह के सवाल होंगे।
**प्रियंका वर्मा**
अपर कलेक्टर, रायगढ़

### 33 सवालों के जरिए तैयार होगा विस्तृत प्रोफाइल

डिजिटल जनगणना में प्रत्येक परिवार से 33 सवाल पूछे जाएंगे। जिसमें घर में कंप्यूटर, लैपटॉप, स्मार्टफोन और इंटरनेट की सुविधा है या नहीं, साथ ही पेयजल, बिजली, शौचालय, रसोई गैस कनेक्शन के साथ-साथ परिवार के पास साइकिल, बाइक या कार जैसे परिवहन साधनों की जानकारी भी ली जाएगी। इसके माध्यम से न केवल मकान की संख्या बल्कि फर्श, दीवार और छत के प्रकार की भी जानकारी ली जाएगी। कुल मिलाकर इसके माध्यम से प्रत्येक घर का विस्तृत और डिजीटल प्रोफाइल तैयार किया जाएगा है।

### फील्ड ऑपरेशन की रियल-टाइम निगरानी संभव

मकान सूचीकरण और गणना के दौरान घर की लोकेशन को जियो-टैग करना भी जरूरी होगा। सर्कुलर के अनुसार, सीएमएमएस के जरिए उपयोगकर्ता निर्माण, प्रशिक्षण मॉड्यूल, हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का गठन, सुपरवाइजरी सर्किल का निर्धारण, गणनाकर्मियों की नियुक्ति, पहचान पत्र जारी करने और फील्ड ऑपरेशन की रियल-टाइम निगरानी संभव होगी। इसमें कहा गया है कि सीएमएमएस जनगणना क्षेत्र के संचालन की नियुक्तियों, प्रशिक्षण और लगभग वास्तविक समय की निगरानी को सुविधाजनक बनाने के लिए भूमिका-आधारित पहुंच नियंत्रण को भी सक्षम बनाता है।

# तलवार लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर लोगों में भय और दहशत फैलाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास एक तलवार भी जब्त की गया है। पुलिस टीम द्वारा पंडरीपानी मेन रोड पुलिया के पास पहुंचकर घेराबंदी की गई, जहां तीन व्यक्ति एक सफेद रंग की कार के पास खड़े होकर एक धारदार तलवार हवा में लहराते हुए आने.जाने वाले लोगों को भयभीत कर रहे थे। पुलिस ने तीनों को मौके पर पकड़कर पूछताछ की। जिन्होंने अपना नाम विशाल चौहान पिता जगन्नाथ चौहान 32 वर्ष निवासी छोटे अतरमुड़ा, घनश्याम नायक पिता बिहारी लाल नायक 19 वर्ष निवासी जामपाली पुसौर तथा सदानंद पटेल पिता हाराचंद पटेल 26 वर्ष निवासी जामपाली। आरोपियों के कब्जे से एक धारदार तलवार तथा घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन को जब्त किया गया। आरोपियों के कृत्य पर धारा 25ए 27 आर्म्स एक्ट एवं धारा 3,5 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRES SER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि - 10.05.2026**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11.06.2026**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स**

**महोदय,**
..............................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..............................
2. पिता/पति का नाम ..............................
3. जन्मतिथि अंकों में ..............................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..............................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..............................
मोबाइल नंबर ..............................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..............................
7. शैक्षणिक योग्यता ..............................

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

नोट : - (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।


# टैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डारआमा में ट्रैक्टर के नीचे दबने से चालक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि डारआमा निवासी दौलत राम धनवार पिता श्याम लाल धनवार अपने ट्रैक्टर में पशुओं के लिए दाना व चारा लेने के लिए घर से निकला था।

मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि करीब 1 बजे जब वह अपने घर वापस लौट रहा था, तभी मूसलाधार बारिश होने की वजह से गांव का रास्ता काफी फिसलन हो गया। जिसकी वजह से बार कार ट्रैक्टर अनियंत्रित हो रहा था। इसी बीच ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिसमें दबने से दौलत राम की मृत्यु हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करते हुए शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई।






खबर संक्षेप

## पुसौर के घरों में हो रहा धनुपूजा



**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में चल रहे रामलीला के बीच इन दिनों लगभग प्रति दिन किसी न किसी के घर में धनुपुजा का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन मुख्यतः घर के खुशियों को बरकरार रखने, भगवान के सामिप्य का लाभ लेने तथा आपसी जुड़ाव को बनाये रखने के लिए यह आयोजन होता रहा है। कार्यक्रम के बीच रामलीला से जुड़े भगवान राम लक्ष्मण और सीता जी के मधुर वंदना किसी को भी आकर्शित कर सकता है और खास कर उडिया भाषा भाषी लोगों के लिए यह वंदना मंत्र मुग्ध कर देता है बशर्ते कि गायक की गायकी का रिदम ठीक रहे। धनुपुजा में शामिल लोगों के मुताबिक पूर्व पार्षद सुरेश महाणा की गायकी रिदम के साथ श्रुतिप्रिय होने की बात कहते है। ज्ञात हो कि आयोजित धनुपूजा वार्ड क्रमांक 13 में संतोष साव के घर आयोजित हुआ।

## उभयलिंगी समुदाय के सशक्तिकरण के लिए विशेष शिविर कस आयोजन



**रायगढ़।** उभयलिंगी व्यक्तियों को राष्ट्रीय उभयलिंगी पहचान प्रमाण पत्र जारी करने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए समाज कल्याण विभाग रायगढ़ द्वारा गत दिवस एक दिवसीय शिविर का आयोजन किशा जिला चिकित्सालय रायगढ़ में किया गया, जिसमें उभयलिंगी समुदाय के व्यक्ति उपस्थित हुए। शिविर में विशेषकर ऐसे व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया था जिनका उभयलिंगी पहचान पत्र नहीं बना है। शिविर के दौरान संबंधित व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त किए गए और उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। शिविर में अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक कमल किशोर सिंह और वित्तीय साक्षरता सलाहकार राजकुमार शर्मा ने प्रतिभागियों को बैंकिंग सेवाओं, बचत की आदत और उसके महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही डिजिटल बैंकिंग, मोबाइल लेनदेन, पासवर्ड की गोपनीयता, क्यूआर कोड और यूपीआई के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी गई। उन्होंने डिजिटल फ्रॉड और साइबर अपराधों से बचाव के उपायों पर भी प्रकाश डाला तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी साझा की।

## पूर्वांचल चौहान समाज की हुई बैठक, लिए गए कई निर्णय

**महापल्ली।** पूर्वांचल महापल्ली 30 अप्रैल को शौकीलाल चौहान महापल्ली के गृह निवास में पूर्वांचल चौहान समाज का बैठक आयोजित किया गया । बैठक में भेलवा टिकरा के सुभाष चौहान को अध्यक्ष बनाया गया था। जिसमे सामाजिक रूप से प्रतिबंधित मास मंदिरा की सेवन को लेकर आपसी मतभेद उभर कर सामने आ गई। अब पूर्वांचल समिति 2 भागों में बंट गया है। एक में शाकाहारी और दूसरे में मांसाहारी समर्थक समिति के रूप में बटने की कगार पर आ गई है। गौरतलब है की ब्लॉक स्तरीय गांडा चौहान कल्याण समिति पूर्वांचल में पंचवर्षीय कार्यकाल के लिए समिति का गठन नवंबर 2022 में किया गया था। इसमें सामाजिक कार्यक्रमो में मांस - मंदिरा सेवन पर सख्त प्रतिबंध लगाने और सदस्यों द्वारा स्वयं पालन करने संबंधित एक प्रस्ताव पारित कर संयुक्त हस्ताक्षर ही नहीं किया गया था, बल्कि विधि विधान पूर्वक समस्त सदस्यो द्वारा शपथ ग्रहण भी लिया गया था। इसका प्रकाशन प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में भी हुआ था। विदित हो की उक्त प्रस्ताव व शपथ ग्रहण में विगत दिनो सपनई मे मासाहार पार्टी के आयोजक भी शामिल थे। सूत्रों के अनुसार मांसाहारी समर्थको द्वारा मांस मंदिरा पार्टी आयोजक को पूर्वांचल का अध्यक्ष घोषणा करने के लिए जिला स्तरीय चौहान समाज के अध्यक्ष पर दबाव बनाया जा रहा है।

### सुशासन तिहार: 5 हितग्राहियों को सौंपी गई आवास की चाबी

# गांव-गांव पहुंच रहा समाधान, ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सुशासन तिहार 2026 के तहत शासन का उद्देश्य गांव-गांव तक पहुंचकर आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। इसी कड़ी में प्रशासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय रूप से पहुंचकर लोगों की मांगों और समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इस पहल से आम नागरिकों में शासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

■ 3 श्रमिकों का तत्काल बना श्रम कार्ड




सोमवार को खूंटीटोली में आयोजित शिविर में अनेक आवेदनों का मंगलवार को खूंटीटोली में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। जिन हितग्राहियों की समस्याएं तत्काल हल हुईं, उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। शिविर में 5 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण हुए मकानों की खुशियों की चाभी सौंपी गई, वहीं 2 हितग्राहियों को नए मकानों की स्वीकृति प्रदान की गई। इसके साथ ही 3 महिलाओं के श्रम कार्ड भी तत्काल बनाए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत नारियरडांड के संतोष कुमार सोनी, तुलसी राम चक्रेश और भोला साहू तथा ग्राम पंचायत खूंटीटोली के मीना पैंकरा और विश्वनाथ राम को आवास पूर्ण होने पर चाबी प्रदान की गई। वहीं ग्राम पंचायत फरसाजुडवाइन की जूलिया और फूलजेनाश मिंज को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र दिया गया।

इसके अलावा श्रम विभाग द्वारा शिविर में ही सुरेखा चक्रेश, संगीता चक्रेश और तपस्वनी चक्रेश का श्रम कार्ड तत्काल बनाया गया। श्रम कार्ड बनने से इन हितग्राहियों को दुर्घटना बीमा, पेंशन, बच्चों के लिए छात्रवृत्ति सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा। हितग्राहियों ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं प्रशासन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि शासन की यह पहल वास्तव में आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है और अब उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना नहीं पड़ता।

## नन्हेसर, सिमड़ा एवं बनगांव में आज लगेगा शिविर

7 मई को बगीचा जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत नन्हेसर, दुलदुला जनपद के ग्राम सिमड़ा एवं फरसाबहार जनपद के ग्राम बनगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा। नन्हेसर के शिविर में नन्हेसर, चम्पा, ईचोली, बेडेकोना, फुलझर, बेडार, उकई, कोदोपारा, चलनी, मरंगी, एकम्बा, छिछली 'अ, डुमरकोना एवं हर्राडीपा के ग्रामीण शामिल होंगे। सिमड़ा के शिविर में सिमड़ा, केंदापानी, मयूरचुन्दी, गटटीबुडा, गोडअम्बा, चटकपुर, सिरिमकेला, सपधरा, करडेगा, मकरीबंधा, डोभ, चराईडांड, भूसडीटोली, खटंगा एवं बासुदेवपुर के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी प्रकार ग्राम बनगांव के शिविर में बनगांव, धौरासांड, हेटघींचा, खुटगांव, फरसाबहार, तुबा, पण्डरीपानी, बोखी, कन्दईबहार, पगुराबहार, भगोरा, मेण्डरबहार, सहसपुर एवं सीमाबारी के ग्रामीणजन अपनी समस्याओं एवं मागों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे।

## सरपंच और सचिव एकादश के बीच खेला गया क्रिकेट मैच



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार का आयोजन हो रहा है। इसी क्रम में 6 मई को कुनकुरी जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत फरसाकानी में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के पूर्व आज फरसाकानी में सरपंच एकादश और सचिव एकादश के मध्य सद्भावना क्रिकेट मैच खेला गया। यह आयोजन जीत-हार से परे प्रशासनिक गतिविधियों के बीच मनोरंजन का माहौल बनाने के साथ ही आपसी समन्वय, सहयोग और एकजुटता की भावना को भी सशक्त रूप से प्रदर्शित करता है। इसका प्रभाव आपसी समन्वय से किए जा रहे कार्यों पर भी झलकता है। आज शिविर में 17 गावों के ग्रामीण शामिल होंगे। इसके अंतर्गत फरसाकानी, बंदरचुआं, ढोढीबहार, डोडापानी, लोढाअम्बा, बरांगजोर, ठेठेटांगर, खारीझरिया, कुंजारा, रेमते, गड़ाकटा, हर्राडांड, बासनताला, भेलवांटोली, चटकपुर, जोरातराई एवं ग्राम रेंगारघाट के ग्रामीणजन अपनी समस्याओं एवं मागों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिक अपने आवेदन लिखित रूप में शिविरों में प्रस्तुत करेंगे, जिनका निराकरण किया जाएगा।

## खूंटीटोली में 102 आवेदनों का मौके पर निराकरण



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को विकासखंड कांसाबेल के ग्राम खूंटीटोली में आयोजित जिला स्तरीय सुशासन शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए और विभिन्न विभागों के समक्ष अपनी मांगों एवं समस्याओं को रखा। शिविर में विभिन्न विभागों के 566 मांगों से संबंधित आवेदन आए। जिसमें से 102 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। बाकी मांगो को संबंधित विभागों को निश्चित समय सीमा में निराकरण के लिए भेज दिया गया है। सुशासन शिविर में सभी शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जा रही है। तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित भी किया गया। ग्राम खूंटीटोली में आयोजित शिविर में ग्राम टांगरगांव, हथगड़ा, बरजोर, नरियरडांड, पुसरा, फरसाजुड़वाईन, खूंटीटोली, चेटबा, सूजीबहार, ढुढरूडांड, जुमईकेला, छेराघोघरा एवं केनाडांड के ग्रामीण भाग लेकर ने अपनी समस्याएं और मांगें प्रस्तुत कीं।

## बच्चों को मिली क्रिकेट किट और स्पोर्ट्स ड्रेस



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन तिहार के दौरान 3 मई को दिए गए निर्देशों पर त्वरित अमल करते हुए प्रशासन ने आज ग्राम भैंसामुड़ा गांव के बच्चों को क्रिकेट किट और स्पोर्ट्स ड्रेस वितरित की। मुख्यमंत्री के निर्देशों का इतने कम समय में पालन होने पर खिलाड़ियों ने खुशी जाहिर करते हुए इसे अपने लिए बड़ी सौगात बताया।

मुख्यमंत्री श्री साय अपने जशपुर जिला प्रवास के दौरान पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम भैंसामुड़ा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला चंदागढ़ के स्कूल मैदान पहुंचे थे। यहां उन्होंने बच्चों को क्रिकेट खेलते देखा और उनके उत्साह से प्रभावित होकर स्वयं मैदान में उतरकर बच्चों के साथ क्रिकेट खेला। इस दौरान उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनकी खेल के प्रति रुचि और नियमित अभ्यास के बारे में जानकारी ली। बच्चों में खेल के प्रति बढ़ते उत्साह को देखते हुए मुख्यमंत्री ने मौके पर ही कलेक्टर को निर्देशित किया कि स्कूल के बच्चों के लिए आवश्यक क्रिकेट किट और स्पोर्ट्स ड्रेस उपलब्ध कराई जाए।

## शादी का झांसा देकर 3 साल तक दुष्कर्म

**जशपुरनगर।** शादी का वादा कर युवती से संबंध बनाना, फिर गर्भवती होने पर मुकर जाना फरसाबहार थाना क्षेत्र में ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।21 वर्षीय पीड़िता ने 5 अप्रैल को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि गांव का ही रहने वाला लोकेश उम्र 28 वर्ष पिछले तीन साल से उसे प्रेम और शादी का भरोसा देकर अपने झांसे में रखे हुए था। 15 फरवरी 2023 की रात आरोपी उसे घूमाने के बहाने अपने घर ले गया और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। इसके बाद लगातार उसका शोषण करता रहा। पीड़िता के अनुसार, इस दौरान वह गर्भवती हो गई थी। आरोपी ने उसका गर्भपात भी करा दिया, लेकिन शादी का वादा करता रहा। 19 सितंबर 2025 को



आरोपी ने फिर युवती को अपने घर बुलाकर दुष्कर्म किया, जिससे वह दोबारा गर्भवती हो गई। इस बार जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ इंकार कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 366, 376, 376(2)(एन) और 318 के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

## कलेक्टर ने किया जनगणना कार्यों का जमीनी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को विकासखंड कांसाबेल के ग्राम खूंटीटोली में जनगणना के कार्यों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रगणक टिकेश्वर साय पैंकरा से संवाद कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।

■ सभी जानकारी पूरी सावधानी और प्रमाणिकता के साथ दर्ज करने को कहा



प्रगणक ने बताया कि वे शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार घर-घर जाकर मकानों की जानकारी एकत्र कर उसे एचएलओ ऐप में दर्ज कर रहे हैं। कलेक्टर श्री व्यास ने प्रगणक को निर्देशित किया कि सभी जानकारी पूरी सावधानी और प्रमाणिकता के साथ दर्ज करें, क्योंकि यह डेटा शासन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं और नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए लू से बचाव हेतु कलेक्टर ने प्रगणक को आवश्यक सावधानियां बरतते हुए कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य सुचारू रूप से और सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो सके। जनगणना के प्रथम चरण 01 मई से प्रारंभ हो चुका है, इसमें मकान सूचीकरण का कार्य चल रहा है। इस प्रक्रिया में प्रगणक प्रत्येक घर और भवन का भौतिक सत्यापन करते हुए उन्हें क्रमांकित कर रहे हैं। साथ ही मकान का प्रकार कच्चा या पक्का, निवासियों की संख्या तथा घर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, शौचालय आदि की जानकारी डिजिटल माध्यम से संकलित की जा रही है।

## आरा मार्ग पर गिरे पेड़ को हटाया गया

**जशपुरनगर।** आरा की मुख्य सड़क पर तूफान के कारण गिरे पेड़ को हटा दिया गया है। जशपुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि जैसे ही प्रशासन को पेड़ गिरने की सूचना प्राप्त हुई, तत्काल मौके पर टीम भेजकर पेड़ को हटा दिया गया और मार्ग को सुचारू कर दिया गया।



■ आवागमन पूरी तरह सुचारू रूप से जारी

उन्होंने बताया कि सड़क अवरुद्ध होने की स्थिति अधिक समय तक नहीं रही और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। वर्तमान में उक्त मार्ग पर यातायात पूरी तरह सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आपदा अथवा प्राकृतिक कारणों से उत्पन्न किसी भी बाधा को गंभीरता से लेते हुए त्वरित समाधान किया जाता है। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की समस्या की जानकारी तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनसुविधा सर्वोपरि है और ऐसी परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# बारिश में टूटे 18 मकानों का सालभर बाद भी नहीं मिला मुआवजा





**जशपुरनगर।** वर्ष 2025 में हुई भारी बारिश के बाद तपकरा क्षेत्र में गरीब परिवारों पर कहर टूट पड़ा था। लगातार बारिश के चलते ग्राम पंचायत तपकरा के विभिन्न वार्डों में 18 परिवारों के मकान पूरी तरह या आंशिक रूप से ढह गए थे। लेकिन हैरानी की बात यह है कि, घटना के एक साल बाद भी प्रभावित परिवारों को शासन की ओर से किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिल पाया है। इस गंभीर लापरवाही को लेकर बीडीसी जनपद सदस्य श्रीमती दुर्गा नायक ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार तपकरा को सौंपा है।

ज्ञापन में विस्तार से बताया गया है कि बारिश के तुरंत बाद प्रभावित परिवारों ने नियमानुसार पटवारी के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए थे। स्थानीय स्तर पर सर्वे की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी और नुकसान का आकलन कर लिया गया था। इसके बावजूद अब तक किसी भी पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान नहीं की गई है। प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे गंभीर आरोप यह सामने आया है कि तपकरा के पटवारी द्वारा पिछले लगभग 9 महीनों से संबंधित दस्तावेजों को अपने पास ही दबाकर रखा गया है। इस कारण मुआवजा प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई और गरीब परिवारों को उनका हक नहीं मिल सका। अगर यह आरोप सही है, तो यह न केवल लापरवाही बल्कि जिम्मेदारी से बचने का गंभीर मामला भी माना जा रहा है। ज्ञापन के साथ 18 प्रभावित परिवारों की सूची भी संलग्न की गई है। पीड़ित परिवारों की हालत आज भी दयनीय बनी हुई है। कई परिवार खुले आसमान के नीचे या अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं, जबकि कुछ लोग रिश्तेदारों के घरों में शरण लेकर किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं।

## 50 परिवारों की हुई घर वापसी प्रबल प्रताप ने किया स्वागत

**जशपुरनगर।** राम मिलेंगे आश्रम, तेंदुआ धाम में आयोजित "शबरी की निष्ठा" कथा पर एक प्रेरणादायक आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य के सानिध्य में 50 परिवारों ने विधिवत मंत्रोच्चारण एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ सनातन धर्म में पुनः जुड़कर आत्मिक गौरव और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का अनुभव किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राम मिलेंगे आश्रम आयोजन समिति, धर्म जागरण समन्वय विभाग, दिलीप सिंह जूदेव फाउंडेशन तथा सेवा न्याय उत्थान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय घरवापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने स्वयं सभी धर्मांतरित परिवारों का चरण पखारकर उनका सनातन धर्म में सम्मानपूर्वक पुनः स्वागत किया। यह क्षण अत्यंत भावनात्मक एवं प्रेरणादायक रहा, जिसने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया। शिवरीनारायण, जिसे माता शबरी की पावन भूमि के रूप में जाना जाता है, इस आयोजन का केंद्र रहा। यह वही स्थल है जहां भगवान श्रीराम को माता शबरी ने प्रेमपूर्वक बेर अर्पित किए थे, जो सनातन परंपरा में भक्ति और आत्मीयता का अनुपम प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम के दौरान 50 परिवारों का पारंपरिक रूप से स्वागत करते हुए उन्हें सनातन मूल्यों से पुनः जोड़ने की प्रक्रिया संपन्न कराई गई। उपस्थित जनसमूह ने इस क्षण को भावनात्मक और प्रेरणादायक बताया।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य कार्यक्रम संयोजक डॉ.अशोक चतुर्वेदी, सर्वेश्वर दास जी






महाराज, राजकुमार चंद्रा (धर्म जागरण), तथा श्रीमती अंजू ग़बेल सहित अनेक संत, समाजसेवी एवं श्रद्धालु शामिल रहे। आयोजकों के अनुसार यह पहल सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और अपनी जड़ों से पुनः जुड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो आने वाली पीढ़ियों में आत्मगौरव और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करेगा।

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



## हॉलीवुड मसाला



### फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

**लॉस एंजिल्स।** न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज़ को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज़ अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज़ ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।



### क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



### इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

**मुंबई।** करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



### धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

**नई दिल्ली।** सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

## टीवी मसाला



### राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

**नई दिल्ली।** टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



### विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




#### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

### भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

**मुंबई।** 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सीन्स देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोंनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



## धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

**खबर संक्षेप**



## बंगाल की जीत पर घरघोड़ा में जश्न, बंटी मिठाइयां

**घरघोड़ा।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत की खबर जैसे ही सामने आई वैसे ही घरघोड़ा नगर में जश्न का माहौल बन गया। जीत की इस खबर ने भाजपा कार्यकर्ताओं में ऐसा जोश भर दिया कि पूरा जय स्तम्भ चौक पटाखों की गूंज, नारों की गड़गड़ाहट और ढोल नगाड़ों की थाप से गूंज उठा। देखते ही देखते चौक उत्सव स्थल में तब्दील हो गया, जहां कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर दिखाई दिया। भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में जय स्तम्भ चौक पर एकत्र हुए और भारत माता की जय वंदे मातरम व भाजपा जिंदाबाद के नारों से माहौल को जोश से भर दिया। रंग बिरंगे पटाखों और आतिशबाजी ने आसमान को रोशन कर दिया, वहीं मिठाइयां बांटकर एक दूसरे को जीत की बधाई दी गई। पूरे आयोजन में एकता, ऊर्जा और संगठन की ताकत साफ झलक रही थी।

## पीपीटी परीक्षा के लिए उड़नदस्ता नियुक्त

**रायगढ़।** व्यापमं द्वारा पीपीटी प्रवेश परीक्षा 26 का आयोजन 7 मई को सुबह 10 से दोपहर 1.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों के लिए 3 सदस्यीय उड़नदस्ता दल नियुक्त किया गया है। उड़नदस्ता दल परीक्षा केन्द्रों की परीक्षावधि में सतत निगरानी रखेंगे। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था दिखने पर समुचित कार्रवाई करने नोडल अधिकारी के ध्यान में लाएंगे। जानकारी अनुसार पीपीटी परीक्षा के लिए रायगढ़ में 5 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिनमें परीक्षा केन्द्र नटवर इंग्लिश स्कूल, लॉ कालेज, चक्रधर नगर स्कूल, बाल मंदिर एवं जूटमिल स्कूल शामिल है। उक्त परीक्षा केन्द्र के लिए तहसीलदार रायगढ़ शिवम पाण्डेय, शाउमावि चांदमारी, व्याख्याता निराकार पटेल, एवं उप निरीक्षक रक्षित केन्द्र रायगढ़ दिनेश मिंज को उड़नदस्ता दल नियुक्त किया गया है।

**निधन...**

## अंकुश अग्रवाल

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा नगर के मिलनसार और लोकप्रिय युवा 33 वर्षीय अंकुश अंशु अग्रवाल के निधन की खबर से पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि अंशुल अग्रवाल पिछले एक महीने से अधिक समय से गंभीर बीमारी से लड़ रहे थे। आज सुबह लगभग 9 बजे जिंदगी कि जंग हार गया। और माता पिता भाई भाभी पत्नी सहित दो नन्हे बच्चे से भरापुरा परिवार छोड़ के इस दुनिया से विदा ले लिया। अंशुल अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल के सुपुत्र थे।



### सारंगढ़ पहुंचे टीएस सिंहदेव विधायक उत्तरी जांगड़े के पहुंचे घर

# संगठन को मजबूती देने चिलचिलाती धूप में टीएस कर रहे कार्यकर्ताओं से संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़/कोसीर

छग के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव टीएस ने अपने दो दिवसीय सारंगढ़ प्रवास के दौरान चिलचिलाती धूप में भी कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से उनके निवास पहुंच कर लगातार भेंट मुलाकात कर संगठन में नई ऊर्जा का संचार कर रहे हैं। उनके इस दौरे से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दौरे के दौरान टीएस बाबा विधायक उत्तरी जांगड़े के गृह ग्राम मुड़वाभांठा पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती जांगड़े ने अपने परिवार सहित अपने निवास पर टीएस बाबा का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। ग्राम मुड़वाभांठा में बाबा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इसके बाद उन्होंने सारंगढ़ में कांग्रेस पार्टी की एकजुटता को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की और कार्यकर्ताओं की सक्रियता की सराहना की। अपने संबोधन में टीएस बाबा ने क्षेत्र की ऊर्जावान नारी शक्तियों की विशेष रूप से प्रशंसा की और उनके योगदान को संगठन की मजबूती का आधार बताया। साथ ही मंच के माध्यम से उन्होंने कहा कि समय और परिस्थिति की बात है आप सब ने सारंगढ़ में दो बार विधायक चुन कर दिया। निश्चित ही कुछ बात होगी की आप सब का भरोसा कायम है। विधायक निवास पहुंच कर बाबा साहब ने सभी से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना ।

इस अवसर पर विधायक के देवर श्रीकांत जांगड़े ने हाथ स्कैच से बना बाबा साहब का छाया चित्र उन्हें भेंट किया । बाबा साहब कोसीर स्थित मां कुशलाई दाई के दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। दौरे के क्रम में बाबा पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती सुनीता विष्णु चंद्रा के निवास भी पहुंचे, जहां उन्होंने उनसे एवं अन्य कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। टीएस बाबा के इस दौरे को लेकर सारंगढ़ क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया जोश और एकजुटता देखने को मिल रही है। दौरा के दौरान प्रमुख रूप से सारंगढ़ विधायक उत्तरी जांगड़े, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, नगर पालिका अध्यक्ष सोनी बंजारे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, पूर्व विधायक प्रकाश नायक, पूर्व विधायक श्रीमती पदमा मनहर, पूर्व जिलाध्यक्ष अरुण मालाकार, वरिष्ठ कांग्रेसी पुरषोत्तम साहू, संजय दुबे, सूरज तिवारी समेत अन्य जन प्रतिनिधि और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



पूर्व उप मुख्यमंत्री का स्वागत करते सारंगढ़ विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि।

### नाम गनपत का, टिकट मिल गया उत्तरी को

सारंगढ़ दौरे में पहुंचे टीएस सिंहदेव ने मजाक-मजाक में ही सही, वह असलियत बयां कर दिया जो बीते चुनाव के दौरान निर्मित हुई थी। टीएस बाबा ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आप सब को मुझे बताने में जरा सा भी संकोच नही है कि उत्तरी जांगड़े का विधायक के टिकट के लिए नाम नहीं था। नाम तो गनपत जांगड़े का चल रहा था, लेकिन कुछ परिस्थितियां निर्मित हुई और आज उत्तरी जांगड़े विधायक है तो आप सब को समझना है ढाई साल बाकी है जो आप सब सारंगढ़ में एकजुटता बनाए है उसे कायम रखें और पार्टी को मजबूती से आगे बढ़ाएं।



## पहाड़ी कोरवा बस्ती में पहुंचा प्रशासन, सड़क, तालाब की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुशासन तिहार के तहत जिला प्रशासन ने दूरस्थ और विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्रों तक सीधी पहुंच बनाते हुए लैलूंगा विकासखंड के ग्राम ढोर्रोआमा तिलाईदरता में पहाड़ी कोरवा बस्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने धरमजयगढ़ डीएफओ के साथ बस्ती में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं व मांगों को गंभीरता से सुना। डब्लूबीएम सड़क निर्माण, सामुदायिक भवन, तालाब गहरीकरण एवं पचरी निर्माण जैसी बुनियादी सुविधाओं की मांग रखी। साथ ही राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और ई केवाईसी जैसी आवश्यक सेवाओं के लिए शिविर आयोजित करने की आवश्यकता बताई। कलेक्टर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को सभी मांगों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पहाड़ी कोरवा समुदाय ने उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य ही यह सुनिश्चित करना है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और किसी भी पात्र हितग्राही को सुविधा के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण एवं अद्यतन के लिए विशेष कैंप लगाकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा गया। इस पहल से अब ढोर्रोआमा बस्ती में आधारभूत संरचनाओं के विकास के साथ-साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। सड़क और सामुदायिक भवन जैसी सुविधाएं जहां क्षेत्र के विकास को गति देंगी।

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का सश्रम कारावास

**सारंगढ़।** सारंगढ़ के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश अमित राठौर के न्यायालय में थाना कोसीर के अपराध जो कि विशेष आपराधिक प्रकरण अंतर्गत पॉक्सो एक्ट से संबंधित है। में आरोपी प्रकाश लहरे पिता हरि राम लहरे 26 निवासी ग्राम मुड़वाभाटा थाना कोसीर द्वारा 16 वर्ष से कम उम्र की नाबालिग पीड़ित बालिका को बहला फुसलाकर, उसके साथ दुष्कर्म करने की मंशा से व्यपहरण कर एक से अधिक बार दुष्कर्म किया गया था।

उक्त घटना की थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। जिस पर थाना कोसीर में अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया था। पीडित बालिका की उम्र 18 वर्ष से कम होने पर प्रकरण लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 का पाए जाने से द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश सारंगढ़ द्वारा मामले का त्वरित विचारण कर सभी साक्ष्यों एवं गवाहों के बयान पर विचार करने के बाद आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 के तहत 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4 (2) में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया, एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5,6 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित किया गया। अदालत के द्वारा मामले की सवेदनशीलता को देखते हुए पीडिता के शारीरिक एवं मानसिक क्षति एवं पुनर्वास के लिए लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना के तहत राज्य शासन को प्रतिकर भुगतान करने की अनुशंसा की गई है। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सुरक्षा प्रदान करता है यह फैसला बाल सुरक्षा एवं यौन अपराध के खिलाफ राज्य शासन एवं न्याय पालिका की मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है, साथ ही लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के प्रभावी क्रियान्वयन को प्रभावित करता है, इस प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक प्रफुल्ल कुमार तिवारी ने अभियोजन का पक्ष रखते हुए पैरवी की।

## किराए पर चल रहे 21 आंगनबाड़ी केन्द्र, सुविधाएं भी नहीं

**पुसौर।** पुसौर ब्लॉक के 11 सेक्टर में 331 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं जिसमें से 21 केन्द्र किराए के भवन में संचालित हैं। इसमें 21 भवन को किराया में लिया गया है। इन भवनों में कहीं शौचालय सुविधा है तो कहीं नहीं हैं। वैसे किराए के मकान में शौचालय पेयजल सुविधा की अपेक्षा करना संभव नहीं है, लेकिन शासन द्वारा इससे अधिक किराया राशि की स्वीकृति शायद नहीं मिलती है। इसलिए जैसा जहां मकान उपलब्ध हुआ वहां केन्द्र संचालित है।

परियोजना अधिकारी पुसौर द्वारा क्षेत्र के जर्जर आंगनबाड़ी केन्द्रों के पुनर्निमाण के लिए मांग की थी जिसमें 26 आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण हो चुका है। वहीं 4 आंगनबाड़ी भवन लारा, डुमरपाली, गढउमरिया तथा कोसमंदा का आगनबाड़ी भवन अपूर्ण है। प्राप्त जानकारी अनुसार पूर्व में जो शिशुवती एवं गर्भवती माताओं को जो गरम भोजन दिया जाता था उसके स्थान पर अब रेडी टू ईट फूड दिया जा रहा है। ब्लॉक के आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों की संख्या 7424 है। इसमें मध्यम कुपोषित 494 तथा गंभीर कुपोषित 84 हैं। बताया जाता है कि पुसौर क्षेत्र में गंभीर कुपोषित बच्चों की पूर्व में 249 के करीब था जिनके नियमित देखभाल और पौष्टिक खाद्य मुहैया कराने की वजह से यह संख्या सुधर कर 84 पहुंची है जिनका सघन मॉनिटरिंग किया जा रहा है।




## नगर पंचायत तमनार में सुशासन तिहार जन समस्या निवारण शिविर

**तमनार।** सुशासन तिहार 2026 गांव-गांव, द्वार-द्वार के तहत आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए व्यापक स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 6 मई को नगर पंचायत तमनार में सुशासन तिहार जन समस्या निवारण शिविर आयोजित की गई जहां सभी वार्डो के सैकड़ों ग्रामीण शामिल होकर अपनी समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदन दिया गया।

सर्वप्रथम भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर शिविर का शुरुआत किया गया। शिविर मे करीबन 475 वार्ड वासियो द्वारा आवेदन दिया गया। नगर पंचायत तमनार अध्यक्ष अश्वनी पटनायक ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन तिहार में केंद्र व राज्य सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभान्वित कराकर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। सीएमओ प्रणव राय ने बताया कि वार्डवासी प्रधानमंत्री आवास,राशन कार्ड अन्य अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दे रहे है। उनका शीघ्र और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाएग। शिविर में अध्यक्ष अश्वनी पटनायक, उपाध्यक्ष सुरेंद्र साव, डीडीसी रमेश बेहरा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनायक पटनायक, सभापति गीतांजलि पटनायक, ज्योति पटेल, योगेश गुप्ता, हेमलाल साव, हरेराम सिदार, सुकदेव पटनायक, जीवन पटनायक, दीपक पटनायक, रूपचन्द गुप्ता, रामचरण कुम्भकार, सीएमओ प्रणव राय अन्य जनप्रतिनिधियों समेत ग्रामीण मौजूद रहे।



## उलखर में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन



**कोसीर।** जिले में सुशासन तिहार का शुभारंभ हो चुका है। इसी क्रम मे सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम उलखर में 5 मई को आयोजन किया गया।

शिविर में बडी संख्या मे ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओ एवं विभिन्न योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन लगाए। मौके पर आवेदनों का निराकरण किया गया। इस सुशासन तिहार उलखर में ग्राम पंचायत कपिस्दा के लोग बड़ी संख्या मे पेंशन के लिए आवेदन किया। जिसमें तत्काल निराकरण करते हुए स्वीकृति दी गई। जनपद सीईओ एवं पेंशन नोडल अधिकारी राठिया, अनिल कुर्रे एवं ग्राम पंचायत कपिस्दा सरपंच पदूम साहू सचिव हेमलाल भारद्वाज के नेतृत्व में हितग्राहियों को सीधे लाभ दिया गया।







